वर्ष 20 ● अंक 9
नई दिल्ली, रविवार
18 से 24 सितम्बर 2022
मूल्य : 2 ₹ , पृष्ठ 8

अपनी दिल्ली

देश की बात

apnidilli.com apnidillinews apnidelhi@gmail.com @apnidillinewspaper @apnidilli

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र , गुजरात, बिहार, झारखण्ड, छतीसगढ़ में प्रसारित

RNI No. DELHIN/2003/10665

प्रदेश स्तरीय पुरुष एवं महिला इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया

छबीलदास कंसल

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)की बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदेश स्तरीय पुरुष एवं महिला इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ ओ पी गुप्ता ने छात्रा के महाविद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और बधाई दी।

उनके साथ स्पोर्ट्स अधिकारी संजय को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी, क्योंकि उन्हीं के मार्गदर्शन में इस छात्रा ने प्रतिभागीता की थी । जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय (19 से 21 सितंबर 2022) राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता सांपला में आयोजित की गई थी जिसमें महाविद्यालय की तरफ से दो छात्राओं ने भाग लिया था। नेहा, बी.ए. तृतीय वर्ष ने सिल्वर मेडल लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।